आंगनबाड़ी वर्करों ने सरकार से मांगा 42 हजार रुपये मानदेय

मुख्य सचिव के स्टाफ ऑफिसर को ज्ञापन सौंप उठाई मांग, ग्रेच्युटी का लाभ भी मांगा

आक्रोश



देहरादून में शुक्रवार को चंदरनगर स्थित सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना देतीं आशा स्वास्थ्य कर्मचारी। ● हिन्दुस्तान

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। महंगाई के दौर में अल्प मानदेय पर काम कर रहीं आंगनबाड़ी वर्करों ने अपने हक की आवाज बुलंद की है। उन्होंने न्यूनतम मानदेय 42 हजार रुपये करने के साथ सेवानिवृत्ति पर कम से कम 10 लाख की सम्मानजनक राशि देने की मांग उठाई।

इस बाबत आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन उत्तराखंड (सीटू) ने शुक्रवार को मुख्य सचिव के स्टाफ ऑफिसर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि पिछले नौ नवंबर को सरकार की घोषणा के बावजूद मांगपत्र पर अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। कई महिलाएं सीमित मानदेय में अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। कोर्ट के आदेश के अनुसार ग्रेच्युटी और सामाजिक सुरक्षा का लाभ भी दिलाया जाए। विभाग की ओर से थोपे जा रहे अतिरिक्त कार्य हटाए जाएं, ताकि वे परिवार कल्याण, पोषण और बच्चों की देखभाल जैसे मूल दायित्वों को बेहतर निभा सकें।

इस दौरान लक्ष्मी पंत, चित्रकला, ज्योतिका पांडे, रजनी गुलेरिया, सुनीता रावत, मनीषा राणा, रजनी बर्तवाल, ऊषा भंडारी, गीता पाल, मीनू, हेमा जुयाल, वंदना, जयश्री, गुलनाज, कृष्णा, अनीता शाही आदि मौजूद रहीं।

आशाओं का सीएमओ दफ्तर पर धरना

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। आशाओं ने मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ दफ्तर पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर उत्तराखंड आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता यूनियन ने 11 से 20 नवंबर तक प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार का

- आशाओं का 11 से 20 नवंबर तक प्रदेशव्यापी कार्यबहिष्कार जारी

ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि तीन मार्च 2024 को मुख्यमंत्री ने आशा कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की थी। इस दौरान मानदेय बढ़ाने का आश्वासन दिया था। लेकिन मांग पूरी नहीं हो सकी है। कहा कि 18, 19 और 20 नवंबर को राज्य सचिवालय में होने वाले महापड़ाव में भी आशा कार्यकर्ता भाग लेंगी। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को 42 हजार रुपये प्रतिमाह न्यूनतम वेतन देने, पीएफ और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। यूनियन ने सेवानिवृत्ति पर पेंशन और अन्य राज्यों की तर्ज पर पांच लाख रुपये की एकमुश्त राशि देने की मांग उठाई।

पटेलनगर के इंस्पेक्टर को जिम्मेदारी से हटाने की मांग

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। 16 लाख से अधिक की लूट में सिद्धांत बडोनी को जेल भेजे जाने पर बजरंग दल ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को रेसकोर्स स्थित विश्व हिंदू परिषद (विहिप) कार्यालय में उन्होंने इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए। शासन से निष्पक्ष जांच कराने के साथ जांच पूरी होने तक इंस्पेक्टर को थाने की जिम्मेदारी से हटाने की मांग की।

प्रांत संयोजक पूरन चंद्र जोशी ने दावा किया कि सिद्धांत बडोनी का मामला असल में सड़क हादसे से जुड़ा था। उन्होंने पुलिस की कहानी पर सवाल उठाते हुए कहा कि व्यस्त चौराहे पर बिना मास्क पहने लूट की वारदात को अंजाम देना कैसे संभव है? उनके मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में केवल टक्कर दिखाई दे रही है।

पुलिस बोली-तथ्यों के आधार पर हुई कार्रवाई

पुलिस ने बजरंग दल के आरोपों को खारिज करते हुए अपनी कार्रवाई को तथ्यों पर आधारित बताया। एसपी सिटी शेखर सुयाल ने कहा कि इस मामले में पुलिस अब तक सिद्धांत बडोनी समेत सात आरोपियों को जेल भेज चुकी है। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई तथ्यों के आधार पर है।

मामूली विवाद में युवकों ने घर में घुस भाइयों को पीटा

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। मामूली कहासुनी को लेकर सहस्त्रधारा रोड इलाके में कुछ युवकों ने घर के पास दो सगे भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में दोनों भाई गंभीर घायल हो गए। रायपुर थाना पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर गुरुवार को तीन नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आईटी पार्क चौक, डांडा लखौंड निवासी हरि सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा आयुष सहस्त्रधारा रोड स्थित इंस्टामार्ट में काम करता है। रविवार रात करीब 1:10 बजे

- रायपुर थाना पुलिस ने तीन नामजद एवं अन्य के खिलाफ किया मुकदमा

घर के पास शुभम रावत, ओम जुयाल, आकाश माठा और उनके अन्य साथियों ने आयुष को घेर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

शोर सुनकर जब दूसरा बेटा अर्चित वहां पहुंचा तो उसे भी पीट दिया। लोगों को आता देख आरोपी अपनी दो स्कूटी मौके पर ही छोड़ गए। एसओ संजीत कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

शहर 30S


डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालावाला की केदारनाथ कॉलोनी में आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य का विधायक बृजभूषण गैरोला ने शिलान्यास किया।

बालावाला में सड़क कार्य का शिलान्यास

देहरादून। डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के बालावाला की केदारनाथ कॉलोनी एवं बालाजी एन्क्लेव में मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली दो आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य का विधायक बृजभूषण गैरोला ने शिलान्यास कर शुभारंभ किया। इस कार्य की लागत लगभग 10 लाख एवं 18 लाख है। इस अवसर पर वार्ड 99 नकरौंदा के पार्षद राहुल कुमार, पूर्व प्रधान राहुल पंवार, बीजेपी के मंडल अध्यक्ष सौरभ नौडियाल, विक्रम सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह मल्ल, अनिल गैरोला मौजूद रहे।

बालावाला में मनाया राज्य स्थापना पखवाड़ा

देहरादून। भाजपा के बालावाला मंडल के नथुवावाला शक्ति केंद्र संख्या तीन में शुक्रवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा के अवसर पर हुए शक्ति केंद्र सम्मेलन में विधायक बृजभूषण गैरोला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में विधायक ने कार्यकर्ताओं से घर घर भाजपा की नीतियों के प्रचार का आह्वान किया। इस अवसर पर बालावाला मंडल अध्यक्ष सौरभ नौडियाल, पार्षद स्वाति डोभाल, पार्षद प्रशांत खरोला, महावीर थपलियाल आदि मौजूद रहे।

'शक्ति के बिना ब्रह्मा, विष्णु, शिव भी असमर्थ'

देहरादून। श्यामपुर प्रेमनगर स्थित ज्वाल्पा मंदिर प्रांगण में श्रीमद् देवी भागवत कथा चौथे दिन भी जारी रही। कथावाचक आचार्य शिवप्रसाद ममगाईं ने कहा कि शक्ति के बिना ब्रह्मा, विष्णु, शिव भी असमर्थ हैं। सृष्टि, पालन और संहार तीनों शक्तियों के ही कारण चलते हैं। आचार्य ममगाईं ने महिषासुर ने वध की कहानी सुनाई। मौके पर युद्धवीर सिंह बिष्ट, दलजीत सिंह, गंगा सिंह, भरत मौजूद रहे।


देहरादून में शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर सारथी एक नई उम्मीद सोसायटी की ओर से प्राथमिक विद्यालय ननूरखेड़ा के बच्चों को सम्मानित किया गया।

दून में बच्चों के चेहरे उपहार पाकर खिल उठे

देहरादून। बाल दिवस पर सामाजिक संस्था 'सारथी एक नई उम्मीद सोसायटी' ने प्राथमिक विद्यालय ननूरखेड़ा नालापानी में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य बच्चों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें शिक्षा एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर संस्था की ओर से सभी बच्चों को पुरस्कार, मिष्ठान वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य बीना, देवेंद्र रवि, क्रांति, संस्था अध्यक्ष रितु अग्रवाल मौजूद रहीं।

धर्मपुर में प्रभात फेरी में गूंजेगा हरिनाम संकीर्तन

देहरादून। श्री शिव मंदिर धर्मपुर में कार्तिक मास पर आयोजित प्रभात फेरी एवं हरिनाम संकीर्तन के दूसरे दिन शनिवार को प्रात: 4:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर रेसकोर्स शिव मंदिर, पुलिस लाइन रोड, धर्मपुर चौक, पुराना धर्मपुर, महादेवपुरम एवं खड्ग मोहल्ला होते हुए अशोक सूदी के निवास स्थान पर पहुंचेगी। पुष्पवर्षा से इसका स्वागत होगा।

सिनेमाघरों से फिल्म 'पायर' हटाने का विरोध

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के मूल निवास भू कानून प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लूशुन टोडरिया ने फिल्म 'पायर' को प्रदेश के सिनेमाघरों में पर्याप्त स्क्रीन और शो उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि फिल्म उत्तराखंड में पलायन, खाली होते गांवों और बुजुर्गों के अकेलेपन की वास्तविकता को दर्शाती है। उन्होंने सरकार से फिल्म के प्रचार-प्रसार और विशेष स्क्रीनिंग कराने की मांग की।

कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू की प्रतिमा साफ की

देहरादून। बाल दिवस एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय नेहरू ब्रिगेड एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उनकी प्रतिमा की सफाई की। इस दौरान मोमबत्तियां जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शुक्रवार को हरिद्वार रोड स्थित नेहरू वार्ड में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष लालचंद शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार, अल्पना जदली मौजूद रहे।

नंदा की चौकी क्षेत्र में पशु अवशेष मिले

देहरादून। नंदा की चौकी के पास झाड़ियों में संरक्षित पशु अवशेष मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना में स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ते देख प्रेमनगर थाना पुलिस ने स्थानीय निवासी की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शेरू गुज्जर कंडोली निवासी मोहन सिंह रावत ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बीते मंगलवार को जब वह अपने घर से नंदा की चौकी की ओर जा रहे थे तो रास्ते में झाड़ियों में संरक्षित पशु के टुकड़े पड़े थे। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि जांच की जा रही है।

स्पेन से लौटे पति ने पत्नी को कार से दे दिया धक्का

क्रूरता 1

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। स्पेन से लौटे पति ने न केवल दहेज के लिए प्रताड़ित किया, बल्कि पत्नी को कार से आधी रात सड़क पर धक्का देकर उतार दिया। पीड़िता के इन आरोपों पर पुलिस ने उसके पति, सास और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इंस्पेक्टर-नेहरू कॉलोनी देवेंद्र चौहान ने बताया कि मोहकमपुर निवासी मानसी का विवाह 12 मार्च को टिहरी निवासी प्रवीन भट्ट के साथ हुआ था। तब महिला के पिता ने करीब 20 लाख रुपये खर्च कर घरेलू सामान दिया था। आरोप है कि शादी के बाद प्रवीन का व्यवहार बदल गया और 20 लाख रुपये और मायके से लाने का दबाव बनाने लगा।

28 अप्रैल को वह पत्नी को घुमाने के बहाने ले गया और तेज रफ्तार में गाड़ी चलाकर डराया। फिर रात 12 बजे कार रोककर सड़क पर धक्का देकर उतार दिया। सास और ननद पर भी आरोप लगाया है।

दहेज के लिए महिला को सीढ़ियों से धकेला

क्रूरता 2

- पोलैंड में बैठे पति के इशारे पर ससुरालियों ने महिला पर ढाया जुल्म
- रस्सी से बांधकर पीटने का आरोप, दून पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। सात समंदर पार पोलैंड में बैठे पति के इशारे पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। दहेज में नकदी और गाड़ी के लिए न केवल उसे रस्सी से बांधकर पीटा, बल्कि सीढ़ियों पर तेल गिराकर नीचे भी धकेला। पीड़िता की शिकायत पर नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, धर्मपुर निवासी जैनब परवीन ने बताया कि 27 अप्रैल 2025 को उनका निकाह डोईवाला के मोहम्मद आकिब से हुआ था। इसके कुछ दिन बाद ही पति पोलैंड चला गया। आरोप है कि पति के विदेश जाते ही सास, ससुर, देवर, दादी और मामा-मामी दहेज मांगने लगे।

ऐसा न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि इसी साल 11 जुलाई को देवर और सास ने उसे रस्सी से बांधकर पीटा। ससुर ने भी उसे धक्के मारकर रसोई से बाहर निकाला। 12 जुलाई को ससुराल वालों ने सीढ़ियों पर तेल गिराकर उसे धकेला, जिससे जैनब को गंभीर चोट आई।

कमरे का ताला तोड़कर जेवर भी किए गायब!

पीड़िता के अनुसार, नौ अगस्त को वो बहन के साथ ससुराल पहुंचीं। आरोप है कि जब जैनब ने अपने कमरे में जाकर देखा, तो वहां का ताला टूटा था और उनके सारे जेवरात गायब थे। नेहरू कॉलोनी के इंस्पेक्टर देवेंद्र चौहान ने बताया कि आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

पुराने जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र को कोर्ट जाना होगा

नई व्यवस्था

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के नियमों में बदलाव कर दिया गया है। अब दो साल से अधिक पुराने जन्म या मृत्यु के मामलों में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश अनिवार्य होगा। यानी ऐसे मामलों में नगर निगम सीधे प्रमाण पत्र जारी नहीं कर सकेगा।

दस करोड़ के क्लेम के लिए नहीं पहुंचा आवेदक

इधर, दस करोड़ रुपये के बीमा क्लेम के लिए मृत्यु प्रमाणपत्र लगाने वाला आवेदक नगर निगम के बुलावे पर भी नहीं पहुंचा। नगर निगम के मुताबिक, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कथित तौर पर गलत दस्तावेज देने के मामले में आवेदक को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। अब उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी है।

भारत सरकार की नई गाइडलाइन और कोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम ने यह व्यवस्था लागू कर दी है। हालांकि, 30 सितंबर तक प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने वालों को राहत मिल सकती है।

ऐसे लंबित मामलों में एसडीएम स्तर से प्रमाण पत्र जारी किए जा सकेंगे। नगर निगम ने इन प्रकरणों के निस्तारण के लिए अफसर को पत्र भी भेजा है। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आनंद शुक्ला ने बताया कि इसका उद्देश्य पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और फर्जी प्रमाण पत्रों पर लगाम लगाना है। वहीं, एसडीएम-सदर अपूर्वा सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार की अधिसूचना के मुताबिक 30 सितंबर तक प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने वालों के प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। प्रमाण पत्र लगातार जारी किए जा रहे हैं।

प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को दिया नशामुक्ति का मंत्र

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। एडीजी (एलओ) वी. मुरुगेशन ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत आरक्षियों को नशे के दुष्प्रभाव और इसकी रोकथाम के लिए जागरूक किया।

उन्होंने युवाओं और परिवारों पर नशे के पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों का जिक्र करते हुए कहा कि अवैध मादक पदार्थों के समूल नाश के लिए पुलिस की सख्त कार्रवाई के साथ-साथ समाज की जनसहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। एडीजी ने प्रशिक्षुओं को एनडीपीएस एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों, कानूनी प्रक्रियाओं और अपराधियों के खिलाफ की जाने वाली वैधानिक कार्रवाई की बारीकियां समझाईं। कार्यक्रम में एसटीएफ एएनटीएफ विंग के डिप्टी एसपी परवेज अली आदि मौजूद रहे।

LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय: देहरादून, उत्तराखण्ड
व्यापार केंद्र, प्रथम तल, 52-ए राजपुर रोड, दिलाराम बाजार, देहरादून-248009

ई-नीलामी बिक्री सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने एल०आई०सी० हाऊसिंग फाइनेन्स लि० का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में **मांग सूचना** जारी की गई थी तथा ऋणी (ओं)/बंधककर्ता (ओं)/जमानतकर्ता (ओं) को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान करने को कहा गया था। ऋणी (ओं)/बंधककर्ता (ओं)/जमानतकर्ता (ओं) के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) एवं धारा 14 सपठित उप नियम है के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ग्रहण कर लिया गया है।

आम लोगों को विशेष रूप से ऋणी (यों)/जमानतकर्ता (ओं) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो एल०आई०सी० हाऊसिंग फाइनेन्स लि० के पास बंधक/प्रभारित है का सांकेतिक कब्जा एल०आई०सी० हाऊसिंग फाइनेन्स लि० के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है. को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" दायित्व रहित के आधार पर दिनांक **22.12.2026** को नीलामी की जाएगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र० सं०	ऋणी/सह-ऋणी /गारंटर	सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि / कब्जे की तिथि / देय राशि / कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि / बोली बढ़ाने की न्यूनतम राशि	बैंक विवरण (ईएमडी यहाँ ट्रांसफर की जानी है)	निरीक्षण की तिथि / ऑनलाइन टेंडर/ बिड जमा करने की अंतिम तिथि / ई-नीलामी तिथि
1.	**ऋणी** : श्री अनुराग चमोली पुत्र श्री उदय राम चमोली, **निवासी**–1. 9–2, ईदगाह, चकराता रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001 **निवासी**– 2. खसरा नंबर 98 मिन, पर बना मकान, दूसरी मंजिल, जो मौजा कंडोली (मयूर विहार),परगना–केंद्रीयदून, जिला देहरादून, उत्तराखंड –248001, **सह–ऋणी** : श्रीमती इम्पी चमोली पत्नी श्री अनुराग चमोली **निवासी**–1. 9–2, ईदगाह, चकराता रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001 **निवासी**– 2. खसरा नंबर 98 मिन, पर बना मकान, दूसरी मंजिल, जो मौजा कंडोली (मयूर विहार),परगना–केंद्रीयदून, जिला देहरादून, उत्तराखंड –248001, **गारंटरः** श्री अरविंद चमोली पुत्र श्री उदय राम चमोली, **निवासी**–213/2–चुक्कूवाला, देहरादून, जी.पी. उत्तराखंड–248001.	बंधक आवासीय संपत्ति, जिसका खाता संख्या 908 (फसली वर्ष 1420 से 1425), खसरा संख्या 98 मिन, यह मकान, दूसरी मंजिल, बिना छत के अधिकार (रूफ राइट्स) वाली आनुपातिक संपत्ति है, जो मौजा कंडोली (मयूर विहार), परगना केंद्रीयदून, जिला देहरादून में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 88.75 वर्ग मीटर है। यह संपत्ति श्रीमती इम्पी चमोली पत्नी श्री अनुराग चमोली और श्री अनुराग चमोली पुत्र श्री उदय राम चमोली के नाम पर है। **सीमाएं:–पूर्व**– रास्ता, **पश्चिम**– फरीदा बेगम की संपत्ति, **उत्तर**– श्रीमती रेनू वशिष्ठ की भूमि, **दक्षिण**– श्रीमती उमा सिसोदिया की भूमि है।	09.05.2024 / 17.01.2025 / रू0 44,90,490.34 दिनांक 09.05.2024 तक ब्याज एवं खर्चों / साकेतिक कब्जा	रू0 45,60,000.00 / रू0 4,56,000.00 / रू0 10,00.00	**Beneficiary Name:** LIC Housing Finance Ltd. **Beneficiary Branch Name:** Hazrat Ganj, Lucknow **Account No.** LICHFL110600011707 **IFSC Code-** HDFC0000078	10.12.2026 प्रातः 11 बजे से / 21.12.2026 शाम 4:00 बजे तक / 22.12.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक
2.	**ऋणी** : श्री अजय पाल सिंह पुत्र श्री सूर्य पाल सिंह, **निवासी**– किशन लाल, ओबीसी बैंक के पास, रायपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड–248001, **गारंटरः** श्री महेश कुमार पुत्र श्री धर्मपाल शर्मा, **निवासी**–सी–12द्ध14, ओएफडी एस्टेट रामपुर देहरादून उत्तराखंड–248001।	बंधक सम्पत्ति जिसका खाता–खतौनी संख्या 819 (1399 से 1404 फसली वर्ष) और खसरा संख्या 1349/4, जो मौजा रायपुर, परगना परवादून, जिला देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 200.00 वर्ग मीटर है और यह श्री अजय पाल सिंह पुत्र श्री सूर्य पाल सिंह के नाम पर है। **सीमाएं:–पूर्व**– नागेंद्र चक्रवर्ती की भूमि, **पश्चिम**– सड़क, **उत्तर**– विक्रेता की भूमि, **दक्षिण**–मंगतराम की भूमि है।	18.01.2024 / 22.07.2024 / रू0 15,53,472.70 दिनांक 18.01.2024 तक ब्याज एवं खर्चों / साकेतिक कब्जा	रू0 45,22,000.00 / रू0 4,52,200.00 / रू0 10,00.00	**Beneficiary Name:** LIC Housing Finance Ltd. **Beneficiary Branch Name:** Hazrat Ganj, Lucknow **Account No.** LICHFL110600004860 **IFSC Code-** HDFC0000078	10.12.2026 प्रातः 11 बजे से / 21.12.2026 शाम 4:00 बजे तक / 22.12.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक

अ) ई–नीलामी वेवसाइड :	https://www.bankeauctions.com
ब) **सम्पत्ति और दस्तावेजों के निरीक्षण की तिथि व समय :**	दिनांक 10.12.2026 को प्रातः 11:00 बजे
स) **सम्पर्क व्यक्ति**	**श्री शुभांशु बिष्ट – 7017195328 श्रीमती प्रमिला – 9269392664**
द) निविदा/सीलबंद बोली जमा करने की अंतिम तिथि :	21.12.2026 सांय 04:00 बजे तक
क) ई–नीलामी के माध्यम से टेंडर/सीलबंद बोली जमा करने का स्थान :	https://www.bankeauctions.com
ख) **ई–नीलामी तिथि**	**22.12.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक**

नीलामी के अन्य सभी नियम एवं शर्तें आधिकारिक वेबसाइड **- https://online.lichousing.com/eauction/** में अनुबध 2 के रूप में उल्लेखित है।

दिनांक : 13.11.2026 स्थान : देहरादून प्राधिकृत अधिकारी

ग्राफिक एरा में तकनीक से हुआ कैंसर का इलाज

देहरादून। ग्राफिक एरा अस्पताल के विशेषज्ञों ने मैग्नेटिक कम्प्रेशन तकनीक से कैंसर पीड़ित मरीज के इलाज में सफलता हासिल की है। उत्तराखंड में अपनी तरह का यह पहला मामला है। बिजनौर उप्र निवासी 67 वर्ष के मरीज के पित्त की थैली के कैंसर से पीड़ित थे, जो लिवर तक फैल चुका था। इसके कारण लिवर से पित्त की निकासी करने वाली नलियां बंद हो गई थीं।

इस वजह से मरीज को गंभीर पीलिया हो गया था। ऐसी स्थिति में पित्त की निकासी के लिए स्टेंट डालना जरूरी था, लेकिन नलियों की जटिल बनावट के कारण यह मुश्किल था। गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. सचिन मुंजाल और डॉ. दिनेश कुशवाहा की टीम ने इलाज किया।

वार्षिकोत्सव पर मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

मसूरी, संवाददाता। महात्मा योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव एवं मां सर्वेश्वरी का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

हाईस्कूल में आशीष, स्नेहा और सुधांशु नौटियाल तथा इंटरमीडिएट कला वर्ग में हरमन, शीतल व विनीत, विज्ञान वर्ग में अजय, शालिनी व आशीष कुमार और वाणिज्य वर्ग में हर्षिक, विवेक व रजत खरोला को

- महात्मा योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजन

प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योतिप्रसाद गैरोला ने विद्यार्थियों को संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी। पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी और नेहा जोशी ने भी विचार रखे।

मसूरी का पर्यावरण बचाना जरूरी: रावत

आह्वान

मसूरी, संवाददाता। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि पर्यटन नगरी मसूरी को कंक्रीट का जंगल बनने से रोकना होगा। इसके लिए सभी को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण और शहर की भार क्षमता बनाए रखने के प्रयास करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मसूरी का पर्यावरण बचाने के लिए चूने की खदानें बंद कराई थीं। ईको टास्क फोर्स का गठन भी मसूरी से हुआ था। उन्होंने बढ़ते निर्माण और जाम की समस्या पर चिंता जताते हुए देहरादून-मसूरी के लिए एलिवेटेड रोड की जरूरत बताई। कहा कि मुख्यमंत्री रहते उन्होंने मसूरी और नैनीताल के लिए हाईपावर कमेटी बनाई थी, जिसे बाद में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

रावत ने ईगास पर भैलो की परंपरा को कला के रूप में देश-विदेश में प्रचारित करने की पैरवी की। राजनीतिक मुद्दों पर उन्होंने कहा कि मसूरी और धनोल्टी में इस बार कांग्रेस जीतेगी। प्रदेश में सरकार बनाने के लिए 45 सीटों पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस में गुटबाजी से इनकार करते हुए कहा कि हाईकमान का निर्णय स्वीकार होगा। मसूरी पेयजल योजना का लोकार्पण न होने, टिहरी में मेडिकल कॉलेज की मांग और शक्तिमान प्रकरण का भी जिक्र किया। उन्होंने सपा के उत्तराखंडवासियों को घुसपैठिया कहने वाले बयान की निंदा की। इस दौरान पूर्व विधायक जोतसिंह गुनसोला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर कौर, सुमेंद्र वोहरा, उपेंद्र थापली मौजूद रहे।



मसूरी में शुक्रवार को युवाओं के साथ मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत। ● हिन्दुस्तान